भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. †3474
सोमवार, 11 अगस्त, 2025/2013 श्रावण, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**तेलंगाना में पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देना**

**†3474. श्री अरविंद धर्मापुरीः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने वर्ष 2020 से तेलंगाना में किसी पर्यटन स्थल का जीर्णोद्धार किया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके लिए कितनी निधि का उपयोग किया गया है;

(ख) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि तेलंगाना का अधिकांश पर्यटन हैदराबाद तक ही सीमित है;

(ग) यदि हाँ, तो सरकार द्वारा राज्य के अन्य जिलों के पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देने के लिए घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों के बीच उठाएगए/उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार ने राज्य में अल्प ज्ञात और दूरस्थ पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देने के लिए सड़क, जलमार्ग या हवाई मार्ग जैसी किसी अवसंरचना का विकास किया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (घ): अल्प ज्ञात स्थलों सहित पर्यटक स्थलों और पर्यटन उत्पादों का विकास एवं संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। तथापि, पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', 'स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी2.0)', 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)'-स्वदेश दर्शन की एक उप-योजना, 'तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' नामक अपनी केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के माध्यम से राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों को निधियों की उपलब्धता, योजना दिशानिर्देशों के अनुपालन और राज्य सरकार द्वारा विस्तृत परियोजना रिपोर्टों (डीपीआर) की प्रस्तुति आदि के अध्यधीन वित्तीय सहायता प्रदान करके पर्यटन अवसंरचना विकास के प्रयासों को संपूरित करता है। इसके अतिरिक्त, भारत सरकार ने 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई)' नामक अपनी पहल के तहत भी पर्यटन परियोजनाओं के विकास के लिए राज्यों को वित्तीय सहायता प्रदान की है। उपर्युक्त योजनाओं के तहत तेलंगाना के अल्प ज्ञात स्थलों सहित देश भर में परियोजनाएँ स्वीकृत की जाती हैं। इन योजनाओं के तहत, मंत्रालय सड़क, जलमार्ग आदि के निर्माण के लिए निधियाँ स्वीकृत नहीं करता है। तथापि, परियोजना की आवश्यकता के आधार

पर अंतिम छोर तक संपर्कता, जेट्टी का विकास, नौकाएँ आदि प्रदान करने वाले घटकों को स्वीकृत करने पर विचार किया जाता है।

पर्यटन मंत्रालय महत्वपूर्ण पर्यटक स्थलों और उच्च क्षमता वाले अल्प ज्ञात/नए स्थलों तक हवाई संपर्कता में सुधार के लिए नागर विमानन मंत्रालय के साथ मिलकर काम कर रहा है। मंत्रालय ने नागर विमानन मंत्रालय की क्षेत्रीय संपर्कता योजना (आरसीएस-उड़ान) के साथ समन्वय किया है और इस उद्देश्य के लिए चिह्नित 53 पर्यटक मार्गों के लिए व्यवहार्यता अंतराल निधि (वीजीएफ) राशि साझा की है। हैदराबाद (तेलंगाना) - विद्यानगर (कर्नाटक) और विद्यानगर (कर्नाटक) - हैदराबाद (तेलंगाना) मार्ग को पर्यटन-आरसीएस वाले मार्गों में शामिल किया गया है।

इसके अतिरिक्त, तेलंगाना राज्य सरकार ने सूचित किया है कि वह अपनी पर्यटन नीति 2025-2030 के तहत घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों के बीच हैदराबाद के अलावा अन्य जिलों में भी पर्यटक स्थलों को बढ़ावा देने के लिए एक व्यापक, बहुआयामी दृष्टिकोण अपना रही है।

पर्यटन मंत्रालय अपनी सतत प्रचार संबंधी गतिविधियों के तहत सोशल मीडिया, प्रचार वेबसाइट, कार्यक्रमों आदि के माध्यम से तेलंगाना सहित देश के विभिन्न पर्यटन स्थलों और उत्पादों का नियमित रूप से संवर्धन करता है।

तेलंगाना राज्य में एसडी, एसडी2.0, सीबीडीडी, प्रशाद, एसीए और एसएएससीआई योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

*******

**अनुबंध**

श्री अरविंद धर्मापुरी द्वारा तेलंगाना में पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देने के संबंध में दिनांक 11.08.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †3474 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

पर्यटन मंत्रालय की योजनाओं के तहत तेलंगाना राज्य में स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:-

| **क्र. सं.** | **परियोजना का नाम** | **परिपथ/ स्वीकृत वर्ष** | **स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)** |
|---|---|---|---|
| | **स्वदेश दर्शन** | | |
| 1. | महबूबनगर जिले में इको पर्यटन परिपथ का विकास | इको परिपथ 2015-16 | 91.62 |
| 2. | मुलुगु - लकनावरम - मेदवरम - तड़वई - दमारवी - मल्लूर - बोगाथा झरनों का विकास | जनजातीय परिपथ 2016-17 | 79.87 |
| 3. | कुतुबशाही विरासत पार्क-पैगाह मकबरे- हयात बख्शी मस्जिद - रेमंड का मकबरा का विकास | विरासत परिपथ 2017-18 | 96.90 |
| | **प्रशाद योजना** | | |
| 1. | जोगुलम्बा देवी मंदिर, आलमपुर का विकास | 2020-21 | 38.90 |
| 2. | रुद्रेश्वर (रामप्पा) मंदिर, मुलुगु में तीर्थयात्रा और विरासत पर्यटन अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 62.00 |
| 3. | भद्राचलम, भद्राद्रि कोठागुडेम जिले में तीर्थयात्रा अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 41.38 |
| 4. | देवी रेणुका येल्लम्मा देवस्थानम में मूलभूत सुविधाओं का विकास | 2024-25 | 4.22 |
| | **स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0)** | | |
| 1. | भोंगीर फोर्ट एक्सपीरियंशियल जोन | 2023-24 | 56.81 |
| 2. | अनंतगिरि वन में इको पर्यटन जोन | 2023-24 | 38.00 |
| | **सीबीडीडी** | | |
| 1. | नलगोंडा के बुद्धवनम में डिजिटल अनुभव केंद्र | 2024-25 | 24.85 |
| 2. | निज़ाम सागर, कामारेड्डी में इको पर्यटन परियोजना का विकास | 2024-25 | 9.98 |
| | **केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता योजना (एसीए)** | | |
| 1. | संजीवैया पार्क, हैदराबाद, तेलंगाना में वॉटर स्क्रीन और म्यूजिकल फाउंटेन सहित मल्टीमीडिया लेजर शो | 2021-22 | 50.00 |
| 2. | उस्मानिया कला विश्वविद्यालय, हैदराबाद, तेलंगाना में डिजिटल मल्टीमीडिया प्रौद्योगिकी और प्रकाश व्यवस्था की डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं शुरूआत | 2021-22 | 11.80 |
| | **पूंजी निवेश के लिए राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों को विशेष सहायता (एसएएससीआई)** | | |
| 1. | रामप्पा में रामप्पा क्षेत्र सतत पर्यटन परिपथ | 2024-25 | 73.74 |
| 2. | नाल्लमाला में सोमासिल्ला वेलनेस एंड स्पिरिचुअल रिट्रीट | 2024-25 | 68.10 |

*******